राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–93/2022

राज्यपाल ने शहीद सूरज नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 17 मई, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता शहीद सूरज नारायण सिंह की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सूरज नारायण सिंह स्मृति संग्रहालय, 4 वीरचन्द पटेल पथ, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री डॉ० रामप्रीत पासवान, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी शहीद सूरज नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत का गायन किया गया तथा सर्वधर्म प्रार्थना भी की गई।

....